तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024

10 मंडल अध्यक्ष उमेश यादव हुए सम्मानित



12 धूमधाम से निकाली गई जगन्नाथ की रथयात्रा





प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

# जिले के मालगांव हिट एंड रन मामले में 2 आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले के बहुचर्चित मालगांव हिट एंड रन मामले में 3 साल बाद अपर सत्र न्यायालय के न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन ने 2 मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश गरियाबंद तजेश्वरी देवी देवांगन द्वारा हत्या करने के आशय से कार को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए भीड़ में चलाकर दुर्घटना कारित करने के अपराध में आरोपी रोमित राठौर एवं सौरभ कुटारे को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 5000 रुपये के अर्थदण्ड एवं धारा 307 के अपराध में 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

26 अक्टूबर 2020 को ग्राम मालगांव में लोगों द्वारा मुख्य मार्ग से लगे हुए मंदिर के पास दशहरा पर्व मनाया जा रहा था, उसी समय रात्रि करीबन 10:45 बजे आरोपी रोमित राठौर अपने लाल रंग की ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 23 जे 6520 में अन्य साथी को साथ बैठाकर तेज गति से भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र मे चलाते हुए आया था, जिससे गांव वालों के द्वारा मना करने पर आरोपी रोमित राठौर व सौरभ कुटारे अपनी कार से उतरकर गांव वालों के साथ बहस करते हुए प्रार्थी एवं गांव वालों को तुम लोगों को देख लूंगा, वापस आकर तुम सबको खत्म कर दूंगा कहकर धमकी देकर वहां से आगे रायपुर रोड ढाबा की ओर चले गये। इस घटना के कुछ ▶▶ शेष पेज 11 पर

## 13 लोगों पर चढ़ाई कार, 4 वर्ष के बालक की भी हुई थी मौत




### 4 आरोपी साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त

पुलिस ने मामले में हत्या और गैर इरादतन हत्या समेत कई धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर 6 लोगों को आरोपी बनाया था। मामले में साढ़े तीन साल तक सुनवाई हुई, जिसमें 6 में से 4 आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया गया है। प्रकरण में अभियुक्तगण के विरुद्ध अपराध प्रमाणित नहीं पाए जाने पर संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया गया है। तथा आरोपी रोमित राठौर एवं सौरभ कुटारे को गवाहों के कथनों के आधार पर दोषसिद्ध पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन द्वारा धारा 302 के अपराध में आजीवन कारावास एवं पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड तथा धारा 307 के अपराध में 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक आहत के लिए पांच-पांच सौ रुपए कुल 6000-6000 रुपए दोनों आरोपी को कुल अर्थदंड 11,000-11,000 रुपए से दंडित किया गया है। शासन की ओर से उक्त प्रकरण में अतिरिक्त लोक अभियोजक जनक राम साहू द्वारा पैरवी की गई है।

## खबर संक्षेप

### अघोषित बिजली कटौती व दरों में वृद्धि के खिलाफ आज कांग्रेस का धरना

**मैनपुर।** प्रदेश के भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति लगातार बिजली कटौती से प्रदेश के जनता त्रस्त हो चुके है, वनांचल मैनपुर क्षेत्र में बिजली कटौती से सभी लोग हलाकांन है साथ ही विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है, लगातार बिजली कटौती एवं बढ़ते विद्युत के दरों से आम जनता परेशान हो गए हैं, भाजपा सरकार के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा 18 जुलाई को दोपहर 12 बजे मैनपुर में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, एवं जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने देते हुए सभी कांग्रेस जनों से व क्षेत्रवासियों से धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

### एकलव्य परीक्षा में भूमिका प्रथम

**गरियाबंद।** शासकीय प्राथमिक शाला सिंघौरी की बालिका भूमिका ध्रुव ने एकलव्य परीक्षा में पूरे



जिला में प्रथम स्थान प्राप्त जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर प्रधान पाठक नंद कुमार सिन्हा, शिक्षक गणेश राम कुम्हार, शिक्षिका कुमारी प्रीति देवांगन, उर्वशी तारक, हेमलता, सरपंच ग्राम पंचायत सिंघौरी लीला देवांगन, शाला विकास समिति ऊर्जा वान अध्यक्ष सोहन वर्मा, उपाध्यक्ष खोमिन वर्मा, सदस्य, गायत्री वर्मा, कृति वर्मा, संकुल प्रभारी प्राचार्य अग्रवाल मैडम, विकास खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू समन्वयक संकुल केंद्र परमानंद वर्मा, माध्यमिक से गोरे लाल ध्रुव प्रधान पाठक, शिक्षक नीरज साहू, भोज राम साहू, हाई स्कूल सिंघौरी के प्राचार्य रामकुमार साहू, बालिका के माता पिता, रामगोपाल ध्रुव, दुर्गा ध्रुव आदि ने खुशी व्यक्त करते हुवे बालिका के उज्वल भविष्य की कामना की है।


### 5 वर्षीय बच्ची कार की ठोकर से घायल

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम गढफुलझर में रोड किनारे खेल रही 5 वर्षीय बच्ची कार की ठोकर से घायल हो गई। ग्राम गढफुलझर निवासी शिवशंकर पांडे ने पुलिस को बताया कि 5 जुलाई की शाम करीब 5 बजे उसकी 5 वर्षीय पुत्री तारिणी पांडे घर के सामने रोड किनारे खेल रही थी। इसी दौरान अचानक ओडिशा की ओर से आ रही स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 09 जेएफ 4777 के चालक अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मार दिया।

## पर्व : राधाकृष्ण, सत्यनाराण व सांई मंदिर से निकली रथयात्रा, की गई कृत्रिम वर्षा

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा तीन मंदिरों से निकाली गई, दर्शन के लिए उमड़ा जन सैलाब







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

रविवार को नवापारा में भगवान जगन्नाथ स्वामी तीन अलग-अलग मंदिरों से तीन रथों में निकले। भगवान का रथ जैसे ही राधाकृष्ण मंदिर, सत्यनारायण मंदिर और सांई मंदिर से इंदिरा मार्केट होते हुए सदर बाजार की ओर निकली तो अपार जन समूह जगन्नाथ स्वामी के दर्शन के लिए उमड़ पड़ा। बेकाबू भीड़ थी। इस भीड़ को पुलिस के जवान संभाल नहीं पा रहे थे। पहले नंबर का रथ राधाकृष्ण मंदिर का था, दूसरे नंबर का सत्यनाराण मंदिर और तीसरे क्रम पर सांई मंदिर का रथ था। तीनों आगे-पीछे एक साथ चल रहे थे। आगे-आगे फायर ब्रिगेड की गाड़ी चल रही थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी से फौव्वारा के सहारे कृत्रिम वर्षा की जा रही थी। पुलिस की पायलेटिंग गाड़ी भी साथ चल रही थी और अलग-अलग मंडलियों के लोग भगवान ▶▶ शेष पेज 11 पर

- नीलकंठ मंदिर, कुम्हार पारा, साहू गुड़ी और सुभाष चौक के पास बनी जाम की स्थिति





### बोल कालिया के जयकारों से गूंज उठा अमलीपदर क्षेत्र, रथयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर श्री जगन्नाथ मंदिर मे प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी रथयात्रा महोत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। रथयात्रा महोत्सव मनाने यहां का सिलसिला पिछले सौ वर्षों से चली आ रही है, जो वर्तमान में आचार्य युवराज पाण्डेय के नेतृत्व में संचालित हो रहे हैं। मंदिर का पट खुलते ही मंदिर परिसर में सुबह 9 बजे से भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, दोपहर 3 बजे महाप्रभु जगन्नाथ जी बलभद्र, सुभद्रा माई के साथ अपने रथ में रथारूड़ होकर मौसी के घर अर्थात गुंडीचा मंदिर के लिए प्रस्थान किए। साथ में ग्राम की देवी शीतला माता एवं वैदपारा के देवी देवताओं के ध्वज, पताका सहित जगन्नाथ का रथ श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर से अमलीपदर नगर के चौक चौराहों से होकर भजन संकीर्तन के साथ गुंडीचा मंदिर पहुंचा। महाप्रभु की एक झलक पाने रथ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हजारों श्रद्धालु भक्त दर्शन करने के लिए उमड़ हजारों श्रद्धालुओ द्वारा बोल कालिया धीरे- धीरे का गगन भेदी ▶▶ शेष पेज 11 पर

## फिंगेश्वर के जंगल में पहुंचा दंतैल लोगों में दहशत



**फिंगेश्वर।** एक दंतैल हाथी महासमुंद जिले से फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र में दाखिल होने पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथी को लेकर वन अमला लोकेशन के आधार पर निगरानी की जा रही है। महासमुंद जिले के आसपास ग्राम से विचरता हाथी आखिरकार फिंगेश्वर क्षेत्र के जंगल मार्ग एवं गांवों से निकलकर गनियारी के जंगल में अपना डेरा डाला हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए वनपरिक्षेत्र अधिकारी तरूण तिवारी ने बताया कि हाथी के आने की खबर पर वनविभाग ने जंगल के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क कर दिया है। जंगल में अकेले जाने पर रोका गया है। वहीं पर निगरानी को लेकर गजराज टीम तैनात हो गई है जो हाथी के विचरण मार्ग पर तैनात है। यह दंतैल हाथी बहुत ही खतरनाक है। यह कई लोगों की जान ले चुका है इसके सामने आने वाले शख्स को यह बख्सता नहीं है।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम फुसेराडीह में एक युवक ने फांसी लगा ली है। पुलिस ने बताया की 6 जुलाई को पंकज ध्रुव पिता भगवत 25 साल निवासी ग्राम फुसेराडीह ने फांसी लगा ली। मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

# एसडीएम ने आश्रम, छात्रावास व अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने रविवार को मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचलों में बसे ग्रामों में पहुंचकर जहां आश्रम छात्रवासों का निरीक्षण किया वहीं उपस्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी निरीक्षण किया। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम अमलीपदर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान अस्पताल में ईलाज कराने आये मरीजों से उनका हालचाल जाना साथ ही उन्हे मिलने वाले दवा एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अस्पताल में



साफ- सफाई करने का निर्देश दिया, साथ ही आगामी बारिश के दिनों मौसमी बीमारियों से पहले सभी उपस्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त दवा उपलब्ध करने का निर्देश दिया है साथ ही सर्प दंश, की दवा भी पर्याप्त मात्र में अस्पताल में रखने कहा है, एसडीएम ने कहा



कि बारिश के दिनों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य अमला के द्वारा गांव- गांव जन जागरूकता अभियान चलाया जाये और लोगों को मच्छरदानी का उपयोग करने की अपील किया है, साथ ही घर के आसपास गदें पानी का जमाव न हो पाये और गंदे पानी के जमाव से मच्छर पनपता है जिसके कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पडता है, इसलिए ग्राम पंचायतों के सचिवों को भी गांवो में साफ सफाई अभियान चलाने कहा है। इस दौरान अमलीपदर स्थित कन्या एंव बालक आश्रम छात्रवासों का भी निरीक्षण किया आश्रम परिसर में फैले गदंगी पर भारी नराजगी जताई और साफ सफाई के साथ आसपास के गढढों को मिटटी से भरने का निर्देश दिया है, इस दौरान छात्रवास अधीक्षक के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा है, एंव अस्पताल में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया है, इस दौरान जनपद सदस्य भूमिलता जगत एंव स्थानीय जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए रसेला में आज शिविर

**रसेला।** प्रदेश सरकार की मंशानुसार ग्रामीणों को राजस्व संबंधी शिकायतों एवं आवेदनों के जल्द से जल्द निवारण करने के लिए 8 जुलाई को ग्राम पंचायत रसेला में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया है। पटवारी कमलेश सिन्हा ने बताया कि इन शिविर में बी 1 पठन, अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, अभिलेख अपडेट, त्रुटि सुधार संबंधी अभिलेख सुधार, नक्शा बटाकन, सीमांकन, डायवर्सन, वृक्ष कटाई की अनुमति, जाति निवास एवं आय प्रमाण पत्र सहित अन्य कामों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। पटवारी ने बताया कि शिविर के तहत ग्राम पंचायत रसेला, कुडेरादादर, रूवाड, मुढीपानी, मेडकीडबरी, दादर गांव नया, पड्ररीपानी गोंड, कोठी गांव, भरूवामुडा पंचायत के ग्रामीणो के लिए शिविर आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में आसपास के ग्रामों के किसान राजस्व शिविर में आकर अपनी समस्या के बारे में अधिकारियों के सामने प्रस्तुत कर सकते हैं। पटवारी ने शिविर में ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### पति ने पत्नी के साथ मारपीट की

**महासमुंद।** पति के द्वारा पत्नी के साथ मारपीट किए जाने के साथ मारपीट किए जाने के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को ग्राम उड़ेला चौकी भंवरपुर की लखनबाई चौहान पति शिवा चौहान (26 साल) ने बताया कि मैं अपने पति के साथ एक सप्ताह पहले ग्राम जम्हर पिथौरा गई थी।

## मैनपुर क्षेत्र में खेती किसानी कार्य पिछड़ा

# बिना बरसे लौट रहे काले बादल, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जिले के मैनपुर क्षेत्र में जुलाई के 7 तारीख बीत जाने के बाद भी उम्मीद के अनुसार अब तक बारिश नहीं हो पाई है, जिसके कारण क्षेत्र में खेती किसानी का कार्य पिछड़ता जा रहा है हांलाकि प्रतिदिन आसमान में काले बादल छा रहे है, लेकिन बीना बरसे ही लौट जाते है सबसे बड़ी बात यह है कि इस मानूसन सीजन में आधा आषाढ़ बीत गया। इस बार उम्मीद के अनुरूप बारिश नहीं हुई जिससे किसान काफी चिंतित हैं। किसानों की माने तो इस माह के अंत तक अच्छी बारिश यदि नहीं हुई तो धान के फसल पर इसका काफी असर देखने को मिलेगा क्षेत्र में बारिश नहीं होने के कारण रोपाई का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, हांलाकि जिन किसानों के पास ट्यूबवेल पानी की सुविधाएं हैं वहीं किसान अपने खेतों में रोपाई का कार्य कर रहे हैं। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लगभग 22 हजार हेक्टयेर में धान की खेती किया जाता है लेकिन अब तक मात्र 60 प्रतिशत ही बोआई कार्य हो पाया है। रोपाई कार्य ▶▶ शेष पेज 11 पर

- आधा आषाढ़ बीता अब तक उम्मीद के अनुरूप नहीं हुई बारिश





### टिकरा भूमि पर किसान मक्का की फसल लगाने में व्यस्त

मक्का की फसल में पानी बहुत कम लगता है और मैनपुर क्षेत्र में लगभग 11 हजार हेक्टयर में मक्का की फसल लिया जाता है इन दिनों टिकरा भूमि में जोताई कर मक्का की फसल लगाने में किसान जुटे हुए है, मक्का के फसल के लिए बीज किसानों के द्वारा ओडिसा से लाया जाता है किसान रघुनाथ मरकाम, तुलसी मरकाम, धन्नु मरकाम ने बताया कि इन दिनों मक्का की फसल लगा रहे है और मैनपुर में अभी कृषि विभाग में बीज आने की जानकारी मिली है, उन्होने बताया कि ओडिसा में बेहतर बीज मिलता है, इसलिए ओडिसा से किसानो ने बीज लाया है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION
R1
AICTE APPROVED
BBA & BCA
1ST TIME IN CHHATTISGARH
• World Class Education
• Internship In Top MNCs
• Top Industrial Tie-ups
accenture
cognizant
DBS
HCL
90161 13333

आईसेक्ट - ईशान एकेडमी
कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र
कम्प्यूटर पाठ्यक्रम
MBC-T CCC-T TALLY BASIC COMPUTING
विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम
PGDCA DCA
प्रवेश प्रारंभ
स्कॉलरशिप सुविधा। कम शुल्क - बेहतर शिक्षा।
नवापारा - सुभाष चौक, सदर रोड
राजिम - साहू छात्रावास के पास, पथर्री रोड
सम्पर्क करें - 98265-26082

# खबर संक्षेप

## छह दिन में केवल 64 मिमी. बारिश, सूखा-सूखा बीता पहला सप्ताह



रायपुर। जुलाई का पहला सप्ताह छत्तीसगढ़ में सूखा-सूखा बीत रहा है। गत छह दिनों में यहां केवल 64 मिमी. बारिश हुई। राज्य में अब तक सामान्य से 22 प्रतिशत कम बारिश हुई है और रायपुर जिले में इसकी कमी 21 फीसदी की है।
मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य में व्यापक वर्षा होने की संभावना है, मगर अगले चौबीस घंटे में भारी बारिश उत्तर और दक्षिण के सीमावर्ती इलाकों तक सीमित रह सकती है। वैसे तो जुलाई का महीना बारिश का मौसम माना जाता है, मगर इस बार पहले सप्ताह में कुछ स्थानों पर ही मानसून का प्रभाव नजर आया है। राज्य में अब तक कुल 200.3 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य 258.3 मिमी. से 22 प्रतिशत कम है। रायपुर जिले में 17.8 मिमी. वर्षा हुई है, जो सामान्य से 21 फीसदी कम है। एकमात्र कोरबा जिला ऐसा है, जहां 319 मिमी. वर्षा हुई है, जो सामान्य से 29 प्रतिशत अधिक है।

## सीएम साय से दपूमरे की जीएम नीनू ने की भेंट



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार को उनके निवास कार्यालय में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री नीनू इटियेरा ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुश्री इटियेरा से छत्तीसगढ़ राज्य में रेल सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर रायपुर रेलमंडल के डीआरएम संजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

## जहरीले सर्प की पहचान संरक्षण, रेस्क्यू में बरती जाने वाली सावधानी बताई



रायपुर। नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में सांपों के संरक्षण पर आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में शामिल हुए स्कूली बच्चों और लोगों को सांप विशेषज्ञ डा. स्वामी और आदर्श श्रेष्ठ ने सांपों का संरक्षण जरूरी क्यों है? सांपों की कैसे पहचान करें, कौन सा सांप कितना जहरीला है, सांप रेस्क्यू के दौरान किस तरह की सावधानी बरतनी चाहिए, इनके बारे में बारीकी और विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों ने सांपों को लेकर कई प्रश्न भी पूछे, जिनका जवाब विशेषज्ञों ने दिया। इस अवसर पर जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर के अलावा जंगल सफारी के युवान वालंटियर्स अनुपम यादव, पल्लवी, नरेंद्र, गाइड्स और स्टॉफ उपस्थित रहे।

## बंगाली कालीबाड़ी महिला समिति ने लगाए पौधे



रायपुर। बंगाली कालीबाड़ी महिला समिति ने बुधवार को कालीबाड़ी में पौधारोपण किया। इस दौरान पौधा लगाओ, जीवन बचाओ अभियान चलाने की शपथ सभी सदस्यों ने ली। इस दौरान समिति की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पौधे लगाए। समिति की कार्यकारिणी सदस्य एवं सांस्कृतिक प्रभारी महुआ मजूमदार ने जानकारी दी।

# 3 महीने में 200 ट्रेनें रद्द, इधर रेलवे ने बनाया 47 मिलियन टन की ढुलाई का रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे के विकास कार्यों से रद्द हो रही ट्रेनों का फायदा मालगाड़ियों को काफी हो रहा है। बीते तीन महीने में 200 से अधिक ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया, ताकि पटरियों का कार्य किया जा सके। लेकिन इस बीच मालगाड़ियों का परिचालन रेलवे ने नहीं रोका। लगातार ट्रेनों के रद्द से जोन के लाखों यात्रियों को दिक्कत हुई। दूसरी ओर इस बीच रेलवे ने मालगाड़ियों का परिचालन बढ़ाकर नई उपलब्धि हासिल कर ली है। इस वित्तीय वर्ष के प्रथम 3 माह बिलासपुर मंडल में 30 जून तक 47 मिलियन टन माल ढुलाई किया है। पिछले साल वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में 40 मिलियन टन हुआ था। ट्रेनों के रद्द होने के बाद भी मालगाड़ियों का परिचालन जारी रहा। जानकारी मुताबिक ट्रैक खाली होने से रेलवे ने मालगाड़ियों की संख्या और बढ़ा दी, ताकि अधिक से अधिक कोयला का ढुलाई हो। जोन में ट्रेन रद्द के दौरान जमकर माल की ढुलाई है।

**खास बातें**

- बिलासपुर मंडल का प्रथम तिमाही लदान में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
- विकास के नाम पर यात्री ट्रेनों को रद्द कर रेलवे लगातार चला रहा मालगाड़ी



### हर दिन गुजर रही 40 से अधिक मालगाड़ी

ट्रेनों के रद्द होने से अब पटरियों में मालगाड़ी की संख्या बढ़ती जा रही है। पटरियों के काम से मालगाड़ी के परिचालन में कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है। वर्तमान में 40 से अधिक मालगाड़ी सुबह से रात के समय रायपुर से गुजर रही है, जो ट्रेनों के रद्द होने से पहले 30 बताई जा रही। जिस रूट पर पटरियों का काम चल रहा है, रेलवे उस जगह के लिए मालगाड़ियों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से कर रहा है। रेलवे माल गाड़ियों को रद्द करने से बच रहा है। रेलवे का कहना है कि ट्रेनों के रद्द होने से मालगाड़ी का परिचालन प्रभावित हो जाता है, लेकिन हकीकत में मालगाड़ी बेधड़क पटरियों में दौड़ रही है। यह स्थिति पूरे जोन में है।

### मालगाड़ियों की जारी नहीं होती सूचना

रेलवे का कहना है कि देशभर में पटरियों को अपग्रेड करने का काम तेजी से चल रहा है। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों को हर महीने रद्द करना पड़ रहा है। जिस रूट पर यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाता है, उस मार्ग पर मालगाड़ियों का परिचालन रद्द नहीं किया जाता। रेलवे के अनुसार ट्रेनों की तरह मालगाड़ियों के रद्द होने की सूचना जारी नहीं की जाती। पटरियों में दोपहर के वक्त काम होता है। उस समय केवल मालगाड़ी नहीं चलाई जाती, लेकिन सुबह और रात के समय पटरियों को मालगाड़ी का परिचालन जारी रहता है। इस वजह से मालगाड़ी को रद्द नहीं किया जाता।

## कलेक्टर के आदेश के बाद भी मवेशियों को सड़क से हटाने प्रशासन नाकाम

# ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत, ग्रामीण आक्रोशित, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी तथा आउटर की सड़कें गोठान में तब्दील हो गई हैं। सड़कों में मवेशियों का कब्जा हो गया है, जिसकी वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुर्घटनाओं में मवेशियों की जान जाने के साथ ही लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

- घटना तिल्दा थाना क्षेत्र में हाईवे से सटे किरना गांव की

ऐसे ही एक मामले में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात तिल्दा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत हो गई है। मवेशियों की मौत से आक्रोषित ग्रामीण तथा अलग-अलग संगठन से जुड़े लोगों ने विरोध करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इस मामले में ट्रक चालक मनोज कुमार साहू निवासी मध्यप्रदेश के सिंगरौली निवासी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत हुई है। लोगों को इसकी जानकारी शनिवार तड़के लगी। मवेशियों के मारे जाने की सूचना मिलने पर गोसेवक से जुड़े हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे गए और पुलिस पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। लोगों ने मवेशियों की मौत एक्सीडेंट से होने के बजाय रॉड से हमला कर मारे जाने का आरोप लगाया। आरोप को लेकर टीआई का कहना है कि मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया गया है। शार्ट पीएम रिपोर्ट में मवेशियों की मौत एक्सीडेंट से होने की बात सामने आई है।





### भारी वाहनों की होती रहती है आवाजाही

गौरतलब है कि जहां मवेशियों की मौत हुई है, उस मार्ग पर भारी वाहनों की दिनभर आवाजाही होती रहती है। तिल्दा-बलौदाबाजार मार्ग पर सीमेंट के साथ अन्य प्रकार के समान से लदे भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। पुलिस को आशंका है कि रात के समय ट्रैफिक का दबाव होने की वजह से एक्सीडेंट की घटना में मवेशियों की मौत हुई होगी।

### कलेक्टर के निर्देशों का भी पालन नहीं

सड़कों पर मवेशियों का जमावाड़ा होने की वजह से एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है, साथ ही मार्ग बाधित होता है। इस बात को देखते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी विकासखंडों के स्थानीय प्रशासन को सड़कों से मवेशी हटाने के निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन सड़कों से मवेशी हटाने ध्यान नहीं दे रहा।

### राजधानी की सड़कों पर मवेशियों का कब्जा

जिले के अन्य शहरों की तरह राजधानी की सड़कों पर भी दिन के साथ रात के समय मवेशियों का जमावाड़ा रहता है। रात के समय सड़कों पर मवेशियों की संख्या दिन की अपेक्षा ज्यादा रहती है। साथ ही शहर से सटे हाईवे पर भी मवेशियों का कब्जा रहता है। रात के समय विधानसभा रोड के साथ ही बिलासपुर जाने वाले मार्ग पर मवेशी ज्यादा रहते हैं।

### बारिश में संख्या ज्यादा बढ़ जाती है

बारिश के दिनों में मवेशियों का सड़कों पर कब्जा अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा रहता है। इसकी वजह मेन रोड के साथ गली के मार्गों पर सड़क के किनारे जलभराव की स्थिति रहती है, जिसके चलते मवेशी सूखी जगह की तलाश में सड़कों पर आ जाते हैं। बारिश के दिनों में सड़कों पर अंधेरा ज्यादा होने की वजह से मवेशी की वजह से एक्सीडेंट का खतरा और बढ़ जाता है।

# मंडल अध्यक्ष उमेश यादव हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक में भाजपा मंडल नवापारा के अध्यक्ष उमेश यादव को सम्मानित किया गया। श्री यादव को यह सम्मान लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को सर्वाधिक मतों की लीड दिलाने के चलते दिया गया। चुनाव में श्री अग्रवाल को भाजपा मंडल नवापारा शहर और ग्रामीण से 19 हजार से अधिक मतों की लीड मिली थी, जो अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों में सर्वाधिक थी। समीक्षा बैठक में विशेष रूप से उपस्थित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज और अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू द्वारा अपने-अपने संबोधन में श्री यादव की प्रशंसा करते हुए उन्हें संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान से अभिभूत श्री यादव ने कहा कि इस सम्मान के वे अकेले हकदार नहीं हैं बल्कि भाजपा मंडल नवापारा शहर और ग्रामीण के प्रत्येक कर्मठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने भीषण गर्मी में भी दिन-रात एक करते हुए पार्टी प्रत्याशी श्री अग्रवाल के पक्ष में जमकर प्रचार और जनसंपर्क किया और जिसका सकारात्मक परिणाम हम सबके सामने रहा। मैं भाग्यशाली हूं जो भाजपा मंडल नवापारा में इतने कर्मठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद हैं और जिनके बूते भाजपा मंडल नवापारा ने पहले विधानसभा और फिर लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया।

# भाजपाइयों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

भाजपा मंडल नवापारा द्वारा 6 जुलाई को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर /"एक पेड़ मां के नाम/" अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। मंडल अध्यक्ष उमेश यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक देश में एक विधान, एक प्रधान और एक निशान के पक्षधर रहे डॉक्टर मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से 6 जुलाई को उनकी जयंती तक पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर और माताओं के सम्मान में, एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई थी, जिसके तहत देशभर में भाजपाइयों द्वारा पौधारोपण किया गया। इसी के तहत भाजपा मंडल नवापारा में भी पौधारोपण किया गया है। कार्यक्रम में



नवल साहू, रूपेंद्र चंद्राकर, भूपेंद्र सोनी, कैलाश तिवारी, धीरज साहू, सौरभ सिंटू जैन पकज देवांगन, उमा कसारी, प्रभा बांसवार, किरण सोनी, मानकी साहू, कल्याणी साहू, जैन मैडम आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाई-बहन के साथ मौसी घर पहुंचे जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



छुईहा सहित अंचल के अन्य गांव में रविवार को भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की रथ यात्रा पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। रथ यात्रा के पूर्व भगवान के तीनों विग्रहों का महास्नान, श्रृंगार सहित कई धार्मिक अनुष्ठान के आयोजित साथ पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा द्वारा किये गये। भगवान के तीनों विग्रहों की वैदिक मंत्रों से पूजा-अर्चना की गई, फिर ग्राम भ्रमण कर महाराज द्वारा सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। ग्राम अध्यक्ष दयाराम, जस गीत गायक चैतू राम तारक, कुंजलाल सिन्हा सहित ग्राम की सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए। आज कार्यक्रम में विशेष रुप अपने गांव में परिवारिक कार्यक्रम में पहूंची प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट खिलेश्वरी रितू सिन्हा भी परिवार के साथ रथयात्रा में सवार भगवान जगन्नाथ की पूजा में शामिल हूई है और विश्व कल्याण एंव सबकी सुख समृद्धि की कामना की। हर कोई रथ भगवान के दर्शन या रथ को छूने के लिए आतुर दिखे। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के इस दिन दर्शन एंव चरण स्पर्श छू लेने मात्र से सभी तरह के पापों का नाश हो जाता है। भगवान के रथ के आगे जस गायक चैतू राम तारक के साथ भक्त और भजन करते चल रहे थे। पूरा वातावरण जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान रहा।

# भगवान जगन्नाथ की निकाली गई रथयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम शहर में भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर से भगवान जगन्नाथ का रथ धूमधाम के साथ निकला। रथ को खींचने सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। पुजारियो ने चना गजामुंग का प्रसाद वितरण किया। भगवान का यह रथ श्री राजीव लोचन मंदिर से गायत्री मंदिर, बस स्टैंड होते हुए गरियाबंद मार्ग से मां महामाया मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए रूका। आज सोमवार को जनकपुर मंदिर के लिए यह रथ प्रस्थान होगी। 5 दिन बाद वापस यह रथ अपने स्थान पर पहुंचेगी। भगवान का दर्शन करने एवं प्रसाद प्राप्त करने शहर के सड़कों पर अच्छी भीड़ लगी रही।

## छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन को दान में मिला भूखंड

रायपुर। छत्तीसगढ़ सिख वेलफेयर एसोसिएशन के सेवाभावी कार्यों से प्रभावित होकर एक संस्था ने उसे टेमरी में भूखंड दान कर अनूठी पहल की है। वुमेन्स लायंस क्लब रायपुर की संस्थापक अध्यक्ष कमलेश चावला ने वीआईपी रोड पर ग्राम टेमरी में स्थित भूखंड दान में देकर एसोसिएशन के कार्य को सराहा है। एसोसिएशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा ने शनिवार को वुमेन्स लायंस क्लब रायपुर की संस्थापक कमलेश चावला द्वारा जनसेवा के लिए भूखंड दान दिए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए उनके मुख्य आतिथ्य में ग्रीन आर्मी के साथ मिलकर सामूहिक रूप से पौधरोपण किया।

## महंगाई पर बात करने का साहस क्यों नहीं दिखा रहे प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी पर चर्चा करने से भाग रहे हैं। मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। महंगाई को लेकर कांग्रेस प्रदेश में जनआंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में असफल और नाकारा साबित हुई है। अभी हाल ही के सर्वे में एक बात सामने आई है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों, रोजगार देने में असफलता, पेट्रोल, डीजल में मनमानी एक्साइज ड्यूटी, रेल यात्रा का महंगा होना, सड़कों पर टोल टैक्स की दरों में वृद्धि एवं आवश्यक वस्तुओं पर भी लगाई गई जीएसटी के कारण आम लोगों की आय एवं बचत घटी है। घर चलाने और आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए 77 प्रतिशत तक के ऋण लेने पड़े हैं, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार को कोई वास्ता नहीं।

**मूणत ने कहा-हमारा कोई भी कार्यकर्ता कांग्रेस के किसी भी बड़े नेता को दे देगा मात**

# बृजमोहन बोले- कांग्रेस मुझसे पूछकर टिकट नहीं देगी तो जमानत जब्त हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण की सीट पर होने वाले उपचुनाव में तो अभी समय है, लेकिन इसको लेकर लगातार सियासत हो रही है। इस सीट को लेकर रायपुर दक्षिण के पूर्व विधायक और रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का कहना है, कांग्रेस अगर मुझसे पूछकर टिकट नहीं देगी, तो उसकी जमानत जब्त हो जाएगी। इसी के साथ बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा है, कांग्रेस चाहे किसी भी बड़े से बड़े नेता को यहां से मैदान पर उतार ले भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता उनको मात देने में सफल होगा। दरसअल कांग्रेस के नेता पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने ही एक बयान दिया है कि कांग्रेस बृजमोहन अग्रवाल से पूछकर ही कांग्रेस का टिकट तय करेगी। इसी के साथ श्री डहरिया ने यह भी कहा है कि उनकी श्री अग्रवाल से बात हुई है, लेकिन क्या बात हुई है, इसका खुलासा अभी नहीं करूंगा।



श्री डहरिया के बयान पर ही श्री अग्रवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मुझसे पूछकर टिकट न देने पर कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी। इसी के साथ रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, हो जाए दो-दो हाथ, हम तैयार हैं।

### रामू रोहरा बोले- छत्तीसगढ़ में कांग्रेस 36 गुटों में बंटी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने कहा, प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अपने ही छात्र संगठन एनएसयूआई के आंदोलन-प्रदर्शन पर पाबंदी लगाए जाने से साफ है कि कांग्रेस न केवल



मुद्दाविहीन और वैचारिक तौर पर दिशाहीन नजर आ रही है, अपितु कांग्रेस में आज कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं है। नतीजतन कांग्रेस में नेतृत्व के नाम पर गुटबाजी बढ़ रही है। श्री रोहरा ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस में 36 गुट हैं और नेता व कार्यकर्ता एक-दूसरे पर आरोप मढ़कर अपमानित करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्लीपर सेल कह देते हैं, तो कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके खिलाफ बेहिचक मोर्चा खोल रहे हैं। श्री रोहरा ने कहा, इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस इन सारे घटनाक्रमों से कोई सबक लेने को तैयार नहीं है।

### जांच की आंच में राजनीतिक वजूद झुलसने के डर से भूपेश हैं बेचैन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने शराब घोटाले से जुड़े नकली होलोग्राम की जब्ती के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आए बयान पर पलटवार करते हुए



कहा, जांच की आंच में राजनीतिक वजूद झुलसने के डर से भूपेश बघेल बेचैन हैं। श्री मूणत ने कहा, घोटाले के गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पूछताछ के दौरान नकली होलोग्राम का सच स्वीकार करने के बाद भी भूपेश बघेल इस मामले में फिर मिथ्या प्रलाप करके नित नया प्रपंच फैला रहे हैं। श्री मूणत ने कहा, शराब घोटाले के मामले में श्री बघेल द्वारा रचे जा रहे राजनीतिक प्रपंच की उम्र ज्यादा लंबी नहीं है। देर-सबेर इस मामले का पूरा सच सामने आएगा और फिर दोषी चाहे कोई भी हो, उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी।

## विप्रकुल महिला मंडल ने किया पौधारोपण

नवापारा-राजिम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान एक पेड़ मां के नाम पर का आयोजन विप्रकुल महिला मंडल के अध्यक्ष सुभाषिनी शर्मा के मार्गदर्शन में विप्रकुल भवन में हुआ। जिसमें भुनेश्वरी शर्मा, अनिमा मिश्रा, रेखा तिवारी, रेणुका तिवारी, पूनम दीवान, कुमुद पुराणिक, रश्मि तिवारी, प्रज्ञा, किरण तिवारी, प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, मनोज मिश्रा शामिल हुए। इन्होने यहां आम, कदम, जाम, बेल, गुलमोहर, चंपा के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ आर बी शर्मा ने कहा कि केवल पौधा रोपना ही हमारा उद्देश्य नहीं है बल्कि सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमें करना होगा।



Ratan_Bhoomi_07_2024-03_Layout 1 7/7/2024 11:46 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में की गई साफ-सफाई

**महासमुंद**। अग्निवीर बनने की तैयारी कर रहे युवाओं से शहीद स्मारक में परीक्षा ली गई। साथ ही शहीद स्मारक की साफ-सफाई की गई। जिसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप कुमार, कनक राम निषाद, लक्ष्मीचंद नेताम और सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चे उपस्थित थे।

### विभिन्न बीमारियों की जांच आज से

**महासमुंद**। मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में चर्म,यौन, कुष्ठ रोग जांच का आयोजन किया गया है। यह जांच सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक किया जाएगा। इसमें डॉ. गरिमा शर्मा एमबीबीएस, एमडी गोल्ड मेडलिस्ट (चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ) परामर्श के लिए अपनी सेवाएं देगी। इसी तरह कान, नाक व गला जांच के लिए विशेषज्ञ डॉ. चंचल लहरी (एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी) उपस्थित रहेंगे।



### बाराडोली स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**सरायपाली**। शाप्राशा एवं उप्राशा बाराडोली में वर्ल्ड कराते संघ के सदस्य एवं छत्तीसगढ़ कराते संघ के मुखिया किकक्वांडो मार्शल आर्ट भोजराज साहू एवं उनकी टीम द्वारा कराते संघ के 28वीं वर्षगांठ के अवसर पर न्योता भोज के रूप में खीर पूड़ी का वितरण किया गया। वहीं कक्षा पहली से आठवीं के विगत परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं अन्य सभी छात्रों को कलम वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कराते संघ से देवनारायण बरिहा, जयंती साहू, गणेशतरिया, मुरलीधर, त्रिलोचन पटेल, अनिता बरिहा, खीरबाई राठिया, टीकूबाई राठिया, सीमा सिदार, हिमाद्री साव, लोमश कुमार, यशवंत जाल, दुर्गाशंकर मांझी, बृजलाल साव, तोषराम चौधरी, गीतेश्वरी, रजनी सिदार, गणेश राठिया, रोहित बरिहा, हुकलाल एवं प्रमोद तथा शाला परिवार से जगदीश पटेल, तरुण पटेल, गायत्री यादव, नीता सेठ, शुभम साहू, दीपक बरिहा, खुशबू बेहरा उपस्थित रहे। इसके पूर्व प्रवेशोत्सव के अवसर पर संजय डडसेना ने न्योता भोज प्रदान किया।

### कोमाखान में आज निकलेगी रथयात्रा

**कोमाखान**। महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा 8 जुलाई को निकाली जाएगी। बताया गया है कि राजमहल स्थित राधाकृष्ण, हनुमान मंदिर से महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा एक सुसज्जित रथ में निकलेगी। जिसमें भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा व बलभद्र सवार रहेंगे, जो मंदिर से निकलकर मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड से घूमकर वापस मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान भक्तों को प्रसाद भी वितरण किया जाएगा।

---

**आयोजन: प्राथमिक, उच्च एवं हाईस्कूल में संयुक्त कार्यक्रम**

# कसेकेरा विद्यालय में मां रूपई एक पौधे तेरे नाम की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

शासकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवम हाईस्कूल कसेकेरा ने संयुक्त समग्र पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विदित हो कि 2021 से कसेकेरा रूपई पहाड़ी पर माता की स्थापना है। चट्टान पर घास उगाने, तापमान कम करने, जैव विविधता को संरक्षण करने के नवाचारी कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

प्रधान पाठक डॉ विजय शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष सैकड़ों ग्रामीणों एवं छात्रों, शिक्षकों द्वारा चटाई बिछाने, पौधरोपण सुरक्षा का आयोजन किया जाता है। सामुदायिक पहल से इस वर्ष विज्ञान आश्रम कसेकेरा द्वारा पौधों को ग्राफ्टिंग बडिंग के साथ विविध प्रकार के औषधीय पौधे, दूब प्रजाति के घास, सतावरी, बन गोदली एवं भृंगराज के चार प्रजाति के कलम उपलब्ध कराया गया। शिक्षक जितेंद्र साहू द्वारा अडूसा, गिलोय के तने 200 नग, कामाक्षी चंद्राकर एवं लक्ष्मी साहू द्वारा कार्टून के गत्ते, नीम इमली के बीज, स्वसहायता समूह के अनुसुइया



साहू द्वारा गोबर से बने बाल सीड के साथ स्थानीय पौधे भेंट किया। बच्चों ने अपने-अपने घरों से लता वाले पौधे लगाए, ऐसे पौधों को चट्टानों की दरारों में वैज्ञानिक तकनीक से लगाई जाती है। इसके लिए विशेष मार्गदर्शन वन विभाग के रेंजर विकास चंद्राकर, उपवनपाल मनोज यादव, कविता ठाकुर, शनि ठाकुर के साथ वानिकी विशेषज्ञ खनिता पटेल, मनहरण साहू का लिया गया। ग्रीन केयर सोसाइटी डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही का तकनीकी दृष्टि से विशेष योगदान प्राप्त हो रहा है। विज्ञान व्याख्याता लोकू चंद्राकर द्वारा पत्थरचट्टा, कैक्टस प्रजाति, कटीले, नार वाले पौधे के वर्गीकरण लक्षण, गुणों की पहचान उपयोगिता के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। साथ ही पौधारोपण किया। माता समूह के सदस्य एवं ग्रामीणों ने मां के नाम एक पौधे अभियान में पहाड़ी की तलहटी में एक पौधे रोपित कर कसेकेरा को हरा भरा बनाने, शिक्षा के लिए आदर्श स्थापित करने का संकल्प लिया।

जनपद सदस्य कल्पना संतोष यादव, पूर्व जनपद सदस्य फुलेश्वरी यादव, उपसरपंच बल्ला ठाकुर, शाला विकास समिति अध्यक्ष चंदन साहू, उपाध्यक्ष भोजराम ठाकुर, मितानिन, स्वसहायता समूह, माता समूह के सदस्य ने पौधे लगाए। पंकज ठाकुर, फल्लेश साहू द्वारा पौधे एवं खुदाई यंत्र की व्यवस्था की। प्राचार्य पवन चक्रधारी, संकुल समन्वयक मनीष अवरिया ने कार्यक्रम की निरंतरता, ग्रामीण के सहयोग संकल्प के लिए साधुवाद देते हुए हरियाली खुशहाली की मंगल कामना की। प्रधान पाठक अर्चना चंद्राकर ने आभार प्रदर्शन किया।

प्रधान पाठक शर्मा ने बताया कि पांच वर्षीय योजनाबद्ध कार्यक्रम में सभी ने कुछ न कुछ देकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। यही अभियान की सफलता है। सरपंच ईश्वरी दीवान ने कहा कि हमने ठाना है, एक पेड़ लगाना है। बल्ला ठाकुर उपसरपंच ने कहा कि गांव हरियाली से खुशहाली की ओर है।

---

# जिला न्यायालय में हुई प्रार्थना सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला न्यायालय परिसर में न्यायालयीन कर्मचारियों द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिला न्यायिक कर्मचारी संघ के सचिव नितेश पठारे ने बताया कि प्रार्थना सभा का आयोजन के माध्यम से तथा सभी जिलों में एकरूपता रहे इसके लिए न्यायिक कर्मचारियों को उनके कार्य के अनुरूप वेतनमान कुछ गिने चुने राज्यों को छोड़कर पूरे भारत वर्ष में प्राप्त नहीं हो रहा है। सक्षम अधिकारी एवं राज्य शासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराने एवं अपनी मांगों की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश राज्य के न्यायिक कर्मचारियों द्वारा 7 जुलाई 2024 को प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। जिसके समर्थन में छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ ने उन्हें समर्थन प्रदान करते हुए छग के सभी जिलों में प्रार्थना सभा का आयोजन किया है। उत्तरप्रदेश के तरह ही छग राज्य का तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी अनेक समस्याओं जैसे शेट्टी कमीशन की अनुशंसाओं का पूर्ण रूपेण लागू नहीं होना, अनुशंसाओं के अनुरूप न्यायिक कर्मचारियों को उच्च वेतनमान प्रदान ना करना आदि है। जिनका शीघ्र निराकरण आवश्यक है। चूंकि, छग राज्य में हमारे परिवार में सभी धर्मों के कर्मचारी समाहित है, इसलिए हम सभी अपने अपने धर्मों के अनुसार अपने इष्ट देव से प्रार्थना करते है कि उत्तर प्रदेश के न्यायिक कर्मचारियों एवं उनके साथ भारत वर्ष के सभी द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी न्यायिक कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो। जिला न्यायालय सहित तालुका स्थित न्यायालयों में भी कर्मचारियों द्वारा यह आयोजन किया गया।

### दाबपाली स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन

नर्रा। बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में बाल कैबिनेट का गठन बालक और शिक्षक के उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री डिगेंद्र पटेल, वित्त मंत्री धारणी, तनुजा, सुजल, भोजकुमारी, पूजा, चांदनी, नितिश, यशराज इत्यादि को बाल कैबिनेट में शामिल किया गया। सभी बच्चों को गुलाल से तिलक वंदन लगाकर अपनी अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाने के लिए शपथ ली। इस दौरान स्कूली बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।




---

### बसना स्कूल में हुआ पौधरोपण




**बसना**। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में एक पेड़ मां के नाम थीम को लेकर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स विकासखंड बसना द्वारा विभिन्न स्थानों पर राज्य मुख्यालय रायपुर के आदेशानुसार एवं जिला मुख्यालय महासमुंद के निर्देशानुसार वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जामुन, नीम, आम, करंज, जाम, मुनगा आदि विभिन्न वृक्षों का स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में विवेकानंद दास सचिव विकासखंड स्काउट गाइड संघ बसना के देखरेख में किया गया।

---

# अमेरिकी उद्यमी की किताब में महासमुंद के आशीबाई स्कूल का नाम उल्लेखित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत के 750 सरकारी स्कूल के छात्राओं द्वारा बनाए गए सैटेलाइट आजादी सैट एवं आजादी सैट 2.0 की असफलता से सफलता की कहानी अब पूरे विश्व के बच्चों के लिए प्रेरणादायक बन गई है। अमेरिकी मूल की उद्यमी लिसा ला बोनटे ने विश्व में प्रथम बार स्कूली छात्राओं द्वारा अंतरिक्ष में सैटेलाइट भेजने के इस साहसिक एवं ऐतिहासिक प्रयास पर अपनी किताब इंस्टेड ऑफ क्राइंग कीप ट्राइंग (हार के बाद ही जीत होती है) लिखी है, जो कि हिंदी एवं अंग्रेजी में एक साथ लिखी गई है। इस किताब में छत्तीसगढ़ से शामिल महासमुंद के शासकीय आशीबाई गोलछा कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय




का भी उल्लेख है, जहां के प्राचार्य जीआर सिन्हा, एटीएल प्रभारी शिक्षक चंद्रशेखर मिथिलेश एवं 10 छात्राएं रेणुका चंद्राकर, तृप्ति साहू, किरण साहू, महिमा जांगड़े, मोक्षा ठाकुर, हीना साहू, चंचल साहू, नेहा यादव, राखी यादव, फिजा परवीन ने सेटेलाइट की प्रोग्रामिंग का कार्य किया था।

### यूथ वेंचर फाउंडेशन की संस्थापक हैं लिसा

लिसा ला बोनटे अब यूथ वेंचर फाउंडेशन (एवायवीएफ) की संस्थापक एवं सीईओ है, जिन्होंने सिलिकॉन वैली अमेरिका से ऐरोस्पेस और सूचना तकनीकी में अपने करियर की शुरुआत की है। उन्होंने पिछले 25 वर्षों में अनेक देशों में अंतरिक्ष एवं विज्ञान के क्षेत्र में व्यवसायों का निर्माण कर युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर प्रदान की है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों को सलाह दी है। खाड़ी देशों में एसटीआईएम पाठ्यक्रम की शुरुआत की है। 2009 में नासा और एवायवीएफ ने मिलकर खाड़ी देशों में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में युवाओं के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया है। लिसा नवाचार स्टार्टअप और आंतरिक शिक्षा की प्रबल समर्थक के रूप में अनेक अंतरिक्ष बोर्डों और समितियां में कार्य करती हैं।

---

# भदरसी में डायरिया पीड़ितों से मिलीं अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा के ग्राम भदरसी में डायरिया से पीड़ित के यहां भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर पहुंची और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। पीड़ितों के घर पहुंच कर उनके कुशल क्षेम जाना एवं शासन से हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।

गांव में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ, सरपंच, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक के साथ पीड़ितों के घर पहुंच कर उन्हें आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी। साथ ही अस्पताल प्रशासन द्वारा तत्काल बीमारी पर नियंत्रण पाया गया और मरीजों की संख्या में कमी आई। अलका ने गांव



पहुंचने पर अस्पताल प्रशासन द्वारा कैंप लगाकर दिन-रात उनके सेवा कार्यों को सराहा। अलका ने बताया कि पूरे गांव में क्लोरिन टैबलेट वितरण के साथ ही अपने जिला पंचायत मद से बांटे गए टैंकरों से गांव में घर-घर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर बीएमओ बढ़ाई, अस्पताल स्टाफ सी चौधरी एवं नर्सिंग स्टाफ सरपंच तीज बाई, सचिव बालेश्वर चंद्राकर, रोजगार सहायक लुभान चंद्राकर, संजय मालवीय, जसराज चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा साथ में उपस्थित रहे।

---

# एकलव्य विद्यालय के लिए मोहगांव स्कूल के तीन बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के तीन विद्यार्थियों का एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय महासमुंद के लिए चयन हुआ है। वर्ष 2024 के चयन परीक्षा में शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के अनुसूचित जनजाति वर्ग के चार बच्चों ने प्रवेश परीक्षा दी थी। जिसमें से तीन बच्चे चयनित होने में सफल रहे।

चयनित बच्चों में काव्या बरिहा पिता अहीर कुमार बरिहा, दीपक भोई पिता लक्ष्मण भोई, अंश सिदार पिता पद्मलोचन सिदार हैं। विद्यालय के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष नवोदय



विद्यालय, सैनिक स्कूल और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए कई बच्चों का चयन हुआ है। इस वर्ष मोहगांव विद्यालय के कुल 21 बच्चों का चयन हुआ है। बच्चों के चयन होने पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केके ठाकुर, बीआरसी जगदीश कन्हेर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय बारीक, ग्राम पंचायत मोहगांव के सरपंच चंद्रमा टिकेलाल भोई, रोहित प्रधान, प्रणव प्रधान, बलदेव बारीक, रमेश प्रधान, रत्नाकर प्रधान, जगदीश कुमार हाईस्कूल प्राचार्य, रविलाल प्रधान पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक, शिक्षक हेमंत कुमार कर, गौरीशंकर पंडा, कविता बढ़ाई, सालिकराम बंजारे, बीआर भोई, अंजय कश्यप संकुल समन्वयक, भोजराज प्रधान प्राथमिक शाला प्रधान पाठक सहित समस्त ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

---

पेज 9 के शेष...

### जिले के मालगांव...

समय पश्चात रायपुर रोड ढाबा की ओर से आरोपी रोमित राठौर अपने 4 अन्य साथियों के साथ वापस तेज गति से अपने उक्त वाहन को चलाते हुए लाकर जानबुझकर प्रार्थी तथा अन्य ग्रामीणों की हत्या करने के आशय से अपने विपरीत दिशा (रांग साईड) में रोड किनारे पाई में वाहन को लेजाकर लोगों के ऊपर कार चढ़ाकर उनको रौंदते हुए फरार हो गया था। जिससे मौके पर ही मुनेश सिन्हा पिता सोहन सिन्हा नामक 04 वर्ष के बालक की मृत्यु हो गई थी, जबकि ग्राम मालगांव के 12 लोगों को गंभीर चोटे आई थी। जिसे जिला अस्पताल गरियाबंद मे भर्ती कर मुलाहिजा किया था। उक्त घटना की सूचना प्रार्थी लोकेश्वर ध्रुव ने आरोपीगण के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद मे लिखित नामजद सूचना दिया गया था। थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद द्वारा धारा 302, 307/34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। प्रकरण की संपूर्ण विवेचना पश्चात आरोपीगण के विरुद्ध न्यायालय मे अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन के न्यायालय मे प्रकरण उपार्पण पर प्राप्त होने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ की गई, अभियोजन द्वारा उक्त प्रकरण मे कुल 29 गवाहों का कथन कराया गया।

### भगवान जगन्नाथ...

का संकीर्तन करते चल रहे थे। राउत नाचा था, डीजे बज रहा था और बैंड बाजे के साथ धमाल बाजा भी। सदर बाजार में प्रवेश के साथ ही पूरे शहर के लोग अपने घरों से निकलकर नारियल, गजा मूंग और पुष्पमाला चढ़ाने के लिए सड़क पर आ गए थे। महिलाओं और युवतियों की टोली भगवान की आरती करने के लिए आतुर नजर आ रहे थे। भगवान की पूजा और दर्शन के लिए सदर बाजार मार्ग में भीड़ देखते ही बन रही थी। जैसे ही ये तीनों रथ चांदी चौक से आगे बढ़ी तो नीलकंठ मंदिर, कुम्हार पारा, साहू गुड़ी और सुभाष चौक के पहुंचते तक सड़क जाम थी। जगह-जगह मिनरल वाटर लिए भक्त खड़े नजर आए। इस दौरान भगवान के तीनों रथो को खींचने के लिए भक्तों के बीच होड़ मची हुई थी।

**पूर्व विधायक धनेंद्र ने क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की-** एक तरफ प्रसाद प्राप्त करने के लिए मशक्कत करना पड़ रहा था वहीं दूसरी ओर नारियल और गजा मुंग चढ़ाने के लिए भी आपाधापी मची हुई थी। सुभाष चौक में जैसे ही तीनो रथें पहुंची वैसे ही जनसमूह के साथ पूर्व विधायक पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू नारियल चढ़ाकर पूजा-अर्चना कर समूचे क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए कामना किया। सुभाष चौक से भगवान का रथ गंज मार्ग पर मुड़ गया। फिर इस मार्ग में मां काली मंदिर और नगर पालिका तिराहा के लंबे चौड़े सड़क में बेतहाशा भीड़ उमड़ पड़ी थी जो भगवान का दर्शन करने के लिए आतुर थी। यहां कोई घंटे भर का जाम लग गया। जाम का कारण कार,दुपहिया वाहन और कुछेक चार पहिया वाहन थे। पुलिस के जवान भी यहां पर असहाय नजर आए। गंज मार्ग होते हुए ये तीनो रथ देर रात मंदिर पहुंची।

**फायर ब्रिगेड का फौव्वारा रहा आकर्षण का केंद्र-** इस बार मौसम दोपहर तक सुहाना था लेकिन 4 बजे के बाद तेज धूप निकल आया। उमस भी बहुत ज्यादा थी। बावजूद पूरे शहर के हर चौक-चौराहों में ऐसी भीड़ उमड़ी कि पिछला सारा रिकार्ड तोड़कर रख दिया। गंज मार्ग पर नगर पालिका तिराहा की स्थिति तो ऐसी रही कि करीब एक घंटे की जाम लग गई। पुलिस को जाम ठीक करने में पसीना बहाना पड़ा। बता दें कि फायर ब्रिगेड का फव्वारा आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बना हुआ था। पचासों गांव से कई हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, भक्तजन भगवान का दर्शन पाने और रथ खींचने के लिए पहुंचे हुए थे। रथयात्रा का यह दृश्य आंखों को सुकून प्रदान करने वाला और रोमांचक भी था। क्योंकि पूरे शहर भर सड़क के दोनों किनारे गजामूंग का प्रसाद लेने महिलाएं, लड़कियां और श्रद्धालुजन हाथ जोड़े खड़े हुए थे। शहर के दोनों व्यस्ततम मार्ग सदर बाजार और गंज रोड में दर्शनार्थियों के भीड़ के चलते पैर रखने के लिए जगह नहीं थी। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-आरती की जाती रही। इन श्रद्धालुओं को रथ में बैठे पंडित-पुजारी और मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी चना, गजामूंग का प्रसाद वितरित कर रहे थे। शहर के अलावा आसपास के तमाम गांवों से परंपरा के मुताबिक बड़ी संख्या में ग्रामीण भक्त भी शहर पहुंचे हुए थे। भक्तों में महिलाओं-लड़कियों की संख्या बहुत ज्यादा थी। पंडितों के मुताबिक रथयात्रा के साथ ही अब तीज-त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

### बोल कालिया के...

जयकारा पूरे क्षेत्र गुंज उठा। ज्ञात हो कि रथयात्रा पर्व पर यहां गजामुंग प्रसाद का विशेष महत्व है, जिसे ग्रहण करने रथ के चहुंओर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। रथयात्रा महोत्सव को देखने अमलीपदर में इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र से लाखों की तादाद में श्रद्धालु भक्त पहुंचे। जगन्नाथ के दर्शन कर मनोवांछित फल की कामना की। रथयात्रा महोत्सव में शांति व्यवस्था और सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष बल तैनात किया गया था। रथयात्रा पर्व पर तहसील मुख्यालय मैनपुर इंदागांव, अमलीपदर, गोहरापदर, ध्रुवागुड़ी, झरगांव, उरमाल में दिन भर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कई गांव में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई।

### बिना बरसे लौट रहे...

प्रारंभ भी नहीं हुआ है किसान बारिश का इंतजार कर रहे है तो वही इस क्षेत्र में 11 हजार हेक्टयर में किसान मक्का की खेती करते है मानसून सीजन में अब तक अच्छी बारिश नही हुई है जबकि उम्मीद लगाई जा रही थी कि इस साल अच्छी बारिश होगी लेकिन जैसे बारिश होनी चाहिए वैसे बारिश अब तक नहीं हो पाया है, जिसके कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे स्पष्ट नजर आ रही है।

## खबर संक्षेप



### पहाड़ी वादियों में बादलों का मनोहरी दृश्य

**मैनपुर।** इन दिनों मैनपुर वनांचल क्षेत्र के पहाड़ी ईलाकों में ऊंचे-ऊंचे पहाडों के बीच बादलों की अटखेलियॉ विविध रूप में हर रोज अलग- अलग ईलाकों में दिखाई दे रहे हैं। ऐसा ही एक दृश्य पैरी उदगम स्थल भाठीगढ की पहाड़ी में प्राकृतिक मनोहरी का यह दृश्य प्राकृतिक प्रेमियों ने कैमरे में कैद किया।

### कन्या शाला में जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष बनी देवकी

**राजिम।** भाजपा नेत्री देवकी साहू को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।



यह नियुक्ति विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर हुआ है। देवकी को अध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक श्री साहू सहित पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, जिला पंचायत सदस्य द्वय चंद्रशेखर साहू, मधुबाला रात्रे, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, छाया राही, अंजू नायक, पुष्पा गोस्वामी, पूर्णिमा चंद्राकर, मिलेश्वरी साहू, बिंदु सिन्हा, मधु नत्थानी, खुशी साहू, अनिता यादव, रिकेश साहू, सोमनाथ पटेल, नेमीचंद साहू , लोकनाथ साहू, रेणुका साहू, सूरज पटेल, लेखा महोबिया, लोकेश्वरी-भारत यादव, जितेंद्र पेंडरिया, नारायण साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ भारती साहू रूपनारायण साहू, घना राम साहू, ओमप्रकाश साहू, ओमप्रकाश आडिल, लिकेश्वर साहू, वीरेंद्र साहू, मोहित साहू, अजय पटेल, मोहित साहू, आकाश राजपूत, युवराज साहू, मनीषा साहू, हीरा साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### स्कूली बच्चों को कॉपी व पुस्तक का वितरण किया



**फिंगेश्वर।** दानदात्री नगर की रानी श्यामकुमारी देवी का शासकीय अनुदान प्राप्त स्कूल विद्यामंदिर सेंदर में पुण्यतिथि मनाया गया। इस अवसर पर उनके चित्र को माल्यापण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। अतिथियों के द्वारा रानी श्यामकुमारी देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हे इस अंचल का महादानी रानी बताया।पुण्यतिथि को लेकर अतिथियों के कर कमलों से इस वर्श अध्ययन करने वाले बच्चों को स्कूल बेग, कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर, जूते, थाली प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व जनपद सदस्य महेश कुंजाम, अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष खेमलाल सिन्हा, विशिष्ट अतिथि ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष मोहन देशलहरे, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष सोनम सोनवानी, उपाध्यक्ष भारती साहू, पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू, बुधारूराम सिन्हा, रामप्रसाद धृतलहरे, किसन मतवाले, रमेश कुमार साहू, कुशल ध्रुव, बिसहत पटेल, शिक्षकगण केके सिन्हा, द्रोण पराना, टीकम दिवान, विनिका सेन सहित स्कूली बच्चे एवं पालकगण उपस्थित थे।

### फांसी लगाकर दे दी जान

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम तेंदूवाही में एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 5-6 जुलाई की दरम्यानी रात राधेश्याम ठाकुर पिता स्व. आशाराम (45 साल) निवासी ग्राम तेंदूवाही ने फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

---

**पर्व : शेर नृत्य, डीजे के साथ निकाली गई रथयात्रा, राम-जानकी मंदिर से निकलकर पुन: वापस पहुंची**

# पुरी की तरह जिले की धरा पर दर्शन देने पहुंचे भगवान जगन्नाथ, हजारों हाथों ने खींचा रथ







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

उड़ीसा की तर्ज पर भव्य रथ और रथ में विराजे महाप्रभु हाजरो श्रद्धालुओं ने इस महापर्व में शामिल हो कर भगवान जगन्नाथ के रथ खीचा आज गरियाबंद जिला मुख्यालय में जैसे ही रथ तिरंगा चौक पहुंचा। लोग इस भव्य रथ को निहारते रह गए भक्ति में डूबे लोग जहाँ एक तरह जय जगन्नाथ के जयकारे लगा रहे थे तो दूसरी और रथ खिंचती महिलाएं दिखी सभी एक बार अपने महाप्रभु की दर्शन कर रथ खिचने और अपनी बारी का इंतज़ार करते नज़र आए।

नगर में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का त्योहार जगन्नाथ परिवार युवा समिति द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वर्ष पहली बार जगन्नाथ परिवार युवा समिति के द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस पर्व में शेर नृत्य डीजे व धूमल के साथ रथ निकाला गया जो सभी को अपनी ओर आकर्षित करते रहा। वहीं ये यात्रा नगर के रामजानकी मंदिर से निकलकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः रथ देर रात को रामजानकी मंदिर पहुंची। पूरे शहर में जगन्नाथ युवा समिति के युवाओ की और उनकी टीम की बेहद चर्चा हो रही है पहली बार उड़ीसा के तर्क पर भव्य रथ यात्रा केआर लिए क्षेत्र के दोनों विधायकों ने पूरी टीम को शुभ कामनाएं भी दी।

**विधायक ध्रुव ने पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की-** विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुआ। पूजन-अनुष्ठान में शामिल होकर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। साथ ही समस्त जनता को रथ यात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी।

ज्ञात हो कि रथयात्रा भगवान जगन्नाथ अर्थात हिन्दी व्याकरण अनुसार संधि विच्छेद और द्वंद्व समास के श्योक्ति जगत के नाध यानी दुनिया के स्वामी प्रभु जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा की विशेष यात्रा पर्व को रथयात्रा रजदूतिया या दूज डोल के नाम से सुविख्यात है।जिसे उड़ीसा प्रदेश के पुरी के साथ साथ छत्तीसगढ़ के हर हिस्से में एक ही समय मनाये जाने वाला साझा त्योहार है जिसे हिन्दी मास के आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को मनाया जाता है। इस दिन भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा जी के मूर्ति या चित्र को रथ या डोली में बिठाकर भक्तों द्वारा गलियों में यात्रा का रूप देते हुए हरि बोल हरि बोल कहकर खींचा जाता है है तथा ग्राम या शहर के लोगों बड़े ही आदर सम्मान के साथ पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ गजामूंग प्रसाद जो भिगे चने मूंग गुड़ शक्कर द्वारा निर्मित को वितरित और ग्राह्य किया जाता है।

**एक ही मंच पर नजर आए विधायक रोहित और जनक**

जिले में रविवार को एक अनोखा नजारा देखने को मिला। भाजपा विधायक रोहित साहू और कांग्रेस के विधायक जनक धुर्व पहली बार एक साथ एक ही मंच पर दिखाई दिए। दरअसल, रविवार को देशभर में रथ यात्रा की धूम है। ऐसे में गरियाबंद जिला मुख्यालय में भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन किया गया था। इस मौके पर राजिम विधायक रोहित साहू और बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक ध्रुव दोनों शामिल हुए एक ही मंच पर एक- दूसरे को गले लगाये और दोनों विधायको ने मिलकर भगवान महाप्रभु जगन्नाथ की रथ का रस्सा भी खींचा। इस मौके पर राजिम विधायक रोहित साहू ने रथयात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। महाप्रभु जगन्नाथ जितने ओडिशा के लोगों को प्रिय हैं, उतने ही छत्तीसगढ़ के लोगों को भी प्रिय हैं, और उनकी जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा छत्तीसगढ़ पर रही है।भगवान जगन्नाथ किसानों के रक्षक हैं। उन्हीं की कृपा से बारिश होती है। उन्हीं की कृपा से धान की बालियों में दूध भरता है। और उन्हीं की कृपा से किसानों के घर समृद्धि आती है। भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि इस साल भी छत्तीसगढ़ में भरपूर फसल हो। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा से मेरी प्रार्थना है कि वे हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमें शांति, समृद्धि और खुशहाली की ओर अग्रसर करें।

## मंदिर ट्रस्ट कमेटी ने निकाली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर में मंदिर ट्रस्ट कमेटी के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पूरी श्रद्धा एवं भक्ति से हर्षोंउल्लास के साथ निकाला गया। लोगों को गजामुंग का प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी सर्वाकार राजा निलेन्द्र बहादूर सिंह, सचिव, शिवकुमार सिंह, पंकज शर्मा, रवि तिवारी सहित स्टाप की उपस्थिति में भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा नगर के पुराने बस स्टैंड से होते हुए रानी श्याम कुमारी चौक एवं शिवाजी जी चौक तक निकाली गई। भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा में भगवान के दर्शन करने लोगों का हूजूम लगा रहा। रथ में सवार पंडितों के एवं युवकों के द्वारा गजामुंग का प्रसाद रास्ते भर वितरण किया जाता रहा। भगवान के दर्शन कर लोग भावविभोर हो गये। भगवान का रथ खिचने भक्तों का तांता लगा रहा जिसमें भाजपा के वरिष्ट रामूराम साहू, कुंजबिहारी साहू, उत्सव यदु सहित युवा एवं



नागरिकगण शामिल हुए। साप्ताहिक बाजार का दिन होने एवं रथ यात्र का पर्व होने के कारण नगर मे भारी भीड़ उमड़ा रहा। गांव- गांव से लोग रथ यात्र देखने नगर पहुंचे और भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं शुभद्रा माता का दर्शन कर गजा मूंग का प्रसाद ग्रहण किया। यातायात एवं शांति व्यवस्था को लेकर फिंगेश्वर थाना के पुलिस स्टाप रथ यात्र में शामिल रहे।

## धूमधाम से निकाली गई जगन्नाथ की रथयात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा ग्राम बेलर में धूमधाम से निकाली गई। ग्राम वासियों सुंदर रथ पर सजा कर भगवान श्रीकृष्ण, भाई बलराम तथा बहन सुभद्रा को पूराना बाजार चौक में भ्रमण कराया गया। रथ पर भगवताचार्य पंडित त्रिभूवन मिश्रा रथ में सवार थे जो श्रद्धालुओं को प्रसाद के साथ आशीर्वाद दे रहे थे। बेलर में विगत पचास वर्ष से रथयात्रा निकालने की परम्परा चली आ रही है। यह सिलसिला लगातार जारी है। इस दिन यहां महोत्सव के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है जो आज भी कायम है। प्रति वर्ष बेनी राम सिन्हा निवास से भगवान की भ्रमण यात्रा निकाली गई,इस दौरान लोग रथ खींच कर अपने जीवन को निहाल हुए। वहां का माहौल भक्तिमय हो गया। लोग दर्शन उपरांत भगवान जगन्नाथ की विशेष आरती की गई। इस मौके पर कुदरा के जगन्नाथ मंदिर की आकर्षक सजावट की गई, वहां से आरंभ होकर रथ यात्रा ने पूरे बाजार का भ्रमण किया। रथ यात्रा के बाद गजामूंग का महा प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ग्राम पटेल हेमू साहू, करण मानिकपुरी , रवि साहू, जीवराखान साहू, पीलाचंद टंडन, टायल साहू, रमनीक साहू, खोमन इत्यादि शामिल थे।

## भगवान जगन्नाथ की निकाली गई रथायात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

भगवान जगन्नाथ की रथा यात्रा रविवार को निकाली गई। जिसमें भगवान जगन्नाथ की यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान को गजमुंग का भोग चढ़ाया गया। और गजमूंग के प्रसाद वितरण किया गया। कोपरा में हर साल परंपरा गत तरीके से भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली जाती है। यात्रा में दूर- दूर से लोग भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने एवं यात्रा में शामिल होने आते है। श्री राधाकृष्ण मंदिर में भगवान कृष्ण, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मूर्ति है. इन्हीं तीनों की रथ निकाली जाती है और रथ खींचने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। कोपर में राधाकृष्ण की भव्य मंदिर है। यहां से रथयात्रा की शुरुवात होती है। राधाकृष्ण मंदिर से जो रथ यात्रा निकलती है वो 10 दिनों तक चलेगी और आषाढ़ शुक्ल पक्ष के 11वें दिन भगवान जगन्नाथ की वापसी के साथ यात्रा का समापन होगा।

## श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के गांव रसेला, सुरंग पानी, कुडेरादादर, रूवाड, मुढीपानी, मेडकीडबरी, कनसिघी कोठीगांव में रथयात्रा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। ग्राम रसेला में जगत के पालनहार को गायत्री मंदिर बाजे गाजे के साथ हनुमान मंदिर लगाया जहां पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर रथ का भी पुजा किया गया। तत्पश्चात जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा को रथ में सवार होकर गांव की हर मोहल्ले में भगवान जगन्नाथ को एक दर्शन पाने के लिए महिलाओं ने थाली सजाकर आरती किया गया। प्रसाद के रूप में लोगों को गजामुग वितरण किया गया। भगवान जगन्नाथ लकड़ी के बने रथ पर सवार होकर यात्रा के लिए निकले, इस दौरान श्रद्धालुओं उनके रथ को खींचने के लिए अत्यंत उतावला दिखते हैं। भगवान जगन्नाथ के जयकारा से पुरा माहौल भक्तिमय हो गया। सुबह से ही महिलाएं अपने घर को साफ सुथरा तथा लिपाई- पुताई का कार्य भी किए। क्षेत्र के सुरंग पानी गांव में रथयात्रा प्रसिद्ध है। यहां पर रथयात्रा के दिन आसपास क्षेत्र लोगों रथयात्रा देखने



बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। इस दौरान ग्राम प्रमुख डीआर यादव, उपसरपंच परमेश्वर यादव, बैगा भागवत कोमर्रा, नंदू दास, ओमप्रकाश यादव, धनी राम यादव, रामेश्वर सिन्हा, वेदव्यास निषाद, जगत राम यादव, धनेश्वर ठाकुर, राम यादव, सगुन दास, खेमचंद ताण्डी, कार्तिक यादव, भेखलाल मरकाम, बिसाहू राम ठाकुर, मिलन मरकाम, नंदकिशोर यादव, दयाराम निषाद, राकेश कोमर्रा, देवनारायण ठाकुर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

**आंगनबाड़ी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण**

# साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल मैनपुर तहसील मुख्यालय स्थित शिक्षक कालोनी आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण में पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी में रंग रोंगन करवाने के साथ ही साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया, कलेक्टर ने आंगनबाड़ी के बच्चों से मुलाकात किया की और उनकी पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी ली। साथ ही आंगनबाड़ी में मिलने वाले पोषण आहार के सबंध में जानकारी लिया, आंगनबाड़ी के आसपास फैली गंदगी पर कलेक्टर ने नराजगी जताते हुए तत्काल सफाई करवाने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि आंगनबाड़ी में बिजली



का कनेक्शन नहीं है साथ ही पानी की दिक्कत है, मैनपुर एसडीएम को उक्त समस्या के तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया है, इस दौरान कलेक्टर ने जिला महिला बाल विकास विभाग गरियाबंद के अधिकारी अशोक पांडेय से आंगनबाड़ियों में पोषण वाटिका, बच्चों की उपस्थित, उनके पोषण के स्तर के साथ- साथ उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए चलाई जा रही गतिविधियों के वस्तु स्थितियों की जानकारी ली। इस मौके पर प्रमुख रूप से




मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम, जिला परियोजना अधिकारी अशोक पांडेय, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर अंजली खलखो, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्रा, परियोजना अधिकारी चन्द्रहास साहू, कृषि अधिकारी भावेश शाडिल्य, बीआरसीसी शिवकुमार नागे, सुनिल पटेल आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 5वीं की छात्रा ने बनाई जगन्नाथ की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





चारोधाम में एक धाम जगन्नाथपुरी का आज का दिन विशेष तौर पर जगन्नाथ भगवान के रथयात्रा का लोगों को बड़ा इंतजार रहता है लोग शहरों में तो जगन्नाथ भगवान के रथयात्रा में प्रभु दर्शन के लिए बड़ी संख्या में आते ही है वहीं अब अधिकांश छोटे-छोटे गाँवो में भी रथयात्रा निकाल कर उत्सव मनाने लगे है बहुतायत परिवारों में सुख समृद्धि के लिए आज के ही दिन अपने घर में सत्यनारायण की कथा पूजा कराते है। अब छोटे-छोटे बच्चों में भी भगवान जगन्नाथ के प्रति रथयात्रा उत्सव पर श्रद्धा देखने को मिल रहा है। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष देहुति-रतिराम साहू के नातिन कुमारी नित्या साहू उम्र 10 वर्ष जो कक्षा पांचवीं की छात्रा है ने अपने मन से अपने हाथों एक सुन्दर जगन्नाथ भगवान का तस्वीर बनाया जिसका पूरा परिवार के द्वारा अपने घर में पूजा-अर्चना कर गजा मुंग का प्रसाद व बड़ा का भोग लगाकर भगवान को नमन किए।